## एक नजर

### कलेक्टर के प्रयासों से आयुष्मान योजना में रमेश को मिला उपचार

**हरदा** नगर की चौबे कॉलोनी निवासी रमेश पालीवाल विगत एक माह से फेफड़ों की बिमारी से ग्रस्त थे। उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उचित उपचार नहीं मिल पा रहा था। स्थानीय चिकित्सकों द्वारा उनकों हरदा से बाहर बड़े अस्पताल में उपचार कराने की सलाह दी गई थी। श्री पालीवाल उपचार के लिये एम्स अस्पताल भोपाल गये परन्तु किसी कारण से उनका आयुष्मान कार्ड वहां एक्टिव नहीं हो सका। तदुपरान्त वे आयुष्मान कार्ड की सुविधा के लिये कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से मिले। कलेक्टर श्री जैन ने तत्काल उनकी समस्या को हल करवाते हुए 24 घण्टे के भीतर आयुष्मान कार्ड एक्टिव करवाया। फलस्वरूप पालीवाल को एम्स में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिली। पालीवाल की बेटी श्रीमती प्रियंका पालीवाल बताती हैं कि अब श्री पालीवाल का स्वास्थ्य ठीक है। बेटी प्रियंका अपने पिता को मिली उपचार सहायता के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन का आभार प्रकट करती हैं।

# तवा नदी पर बना अस्थाई रास्ता किया नष्ट

## राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई, मेहराघाट के पास बने अस्थायी पुल को तोड़ा

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/19,दिसम्बर,2025/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश पर जिले में रेत के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण के विरुध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संपूर्ण जिले में कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार 19 दिसंबर को ग्राम मेहराघाट में तवा नदी पर रेत के ठेकेदार द्वारा रेत के उत्खनन हेतु नदी में अस्थाई कच्चा रास्ता बनाए जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर जांच की और अस्थाई कच्चा रास्ता / ब्रिज को नष्ट कर दिया।

उल्लेखनीय है की जांच में यह पाया गया कि ग्राम मेहराघाट के खसरा क्रमांक 365 में मेहरा घाट-9 रकबा 11.655 हैकटेयर एवं मेहरा घाट - 10 रकबा 11.655 हेक्टेयर की रेत खदान एमडीओ मैसर्स वेलोसिटी माइनिग वकर्स एल एल पी को स्वीकृत की गई थी और उनके द्वारा इसका संचालन किया जा रहा था। इसके पूर्व खदान से रेत परिवहन किए जाने हेतु ग्राम पंचारा कला से होकर रेत के वाहन का परिवहन किया जाता



था। परंतु लगभग दो माह पूर्व ग्राम पांजरा कला में एक व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने से रेत ठेकेदार द्वारा वैकल्पिक मार्ग के रूप में ग्राम मेहरा घाट में शासकीय कच्चे रास्ते से होकर नदी में अस्थाई रास्ता बनाकर स्वीकृत रेत खदान से रेत का परिवहन किया जा रहा था। नदी में पानी में अवैधानिक रूप से बनाये गए अस्थाई कच्चा रास्ता /ब्रिज को जांच दल द्वारा नष्ट कर दिया गया है। समय-समय पर जांच के दौरान रेट ठेकेदार द्वारा शासन के निर्देशों का उल्लंघन किए जाने पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा 19 अप्रैल 2025 को रेत ठेकेदार एमडीओ मेंसर्स वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम भोपाल को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। आज भी कार्यवाही का प्रस्-?ताव भेजा जा रहा है।

उल्लेखनीय है की खनिज अमले द्वारा जिले में रेत उत्खनन परिवहन भंडारण के विरुद्ध जांच कर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आज पर्यंत तक 170 प्रकरण पंजीबद्ध कर 1.51 करोड रुपए दंड अधिरोपित कर जमा कराया गया है। उक्त अवधि में कार्रवाई कर 06 पोकलेन मशीन एवं 45 डंपर जप्त किए गए हैं।

रेत का अवैध उत्खनन करने पर 12 व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई गई है। 19 दिसंबर को की गई कार्रवाई में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री जय सोलंकी, जिला खनिज अधिकारी श्री देवेश मरकाम, नायब तहसीलदार रुचि गोयल, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, थाना प्रभारी देहात नर्मदा पुरम श्री सौरव पांडे, प्रभारी खनि निरीक्षक श्री कृष्णकांत सिंह परस्ते एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# करणी सेना का जनक्रांति आंदोलन 21 को, हजारों लोग होंगे शामिल



**नवभारत न्यूज**
**हरदा,19 दिसम्बर** करणी सेना आगामी 21 दिसंबर रविवार को जिला मुख्यालय हरदा पर जनक्रांति आंदोलन करने वाली है।

जिला प्रशासन ने करणी सेना को आयोजन के तीन दिनों पहले यानी गुरुवार शाम को शहर के नेहरू स्टेडियम पर आंदोलन करने की परमिशन दी है। शुक्रवार को शुभमुहूर्त में नेहरू स्टेडियम पर ज्योतिषाचार्य पंडित मुरलीधर व्यास ने विधिवत पूजन किया गया। वहीं शुक्रवार को राजपूत छात्रावास में करणी सेना के पदाधिकारियों ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर आंदोलन की रणनीति साझा की। करणी सेना के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि उनके आंदोलन को 17 से अधिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने जुलाई माह में करणी सेना के सदस्यों पर हुई कथित बर्बरता के दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी दोहराई। उन्होंने दावा किया कि यह आंदोलन जिले का अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन होगा। इस आंदोलन में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि आंदोलन शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा। जिसमें करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवनसिंह शेरपुर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हो रहे हैं।करणी सेना के पूर्व संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह झाला का कहना है कि एससी एसटी संगठनों के हमारी कुछ मांगो को लेकर विरोध किया गया है। हम उन्हें स्पष्ट करना चाहते है कि हमारा आरक्षण को लेकर किसी तरह का कोई विरोध नहीं है। हम आर्थिक आधार पर सरकार से आरक्षण की मांग कर रहे हैं। वहीं आरक्षित वर्ग के जिन लोगों ने सालों से आरक्षण का लाभ लेकर वह अब सक्षम हो गए हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इसे देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है। गुरुवार शाम को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट परिसर में किसी भी तरह के ज्ञापन देने या रैली प्रदर्शन पर रोक लगाने के आदेश जारी किए।

# रोमांचक छठवे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया हॉकी का उत्कृष्ट कौशल

**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 19 दिसम्बर** अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के छठे दिन मैदान पर खेल का उच्च स्तर देखने को मिला। स्थानीय खेल मैदान पर खेले गए तीन प्रमुख मुकाबलों में टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे और स्वागत समिति अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे की देखरेख में आयोजित इन मैचों में गणमान्य अतिथियों ने खिलाडियों का मनोबल बढ़ाया।

एनसीआर प्रयागराज विरुद्ध पनपोष राउरकेला ओडिशा के मध्य हुआ। प्रयागराज 3-1 से विजयी रही। दिन का पहला मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। पहले क्वार्टर



में प्रयागराज ने आक्रामक शुरुआत कर कई शॉर्ट कॉर्नर हासिल किए, लेकिन गोल करने में असफल रही। खेल के 17 वें मिनट में राउरकेला ने शॉर्ट कॉर्नर का लाभ उठाते हुए पहला गोल कर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके जवाब में 23वें मिनट में प्रयागराज के प्रभजोत ने मैदानी गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। खेल के अंतिम भाग में प्रयागराज के शोएब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और अपनी टीम को 3-1 से निर्णायक जीत दिला दी। निर्णायक की भूमिका बृजेश यादव और पवन कुमार ने निभाई।

दूसरे मैच में जालंधर की टीम का दबदबा रहा। टीम के खिलाड़ी रमनदीप ने मैच की दिशा तय की। रमनदीप ने एक के बाद एक तीन शानदार गोल दागकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। महाराष्ट्र की ओर से आदित्य ने एक गोल कर अंतर कम करने का प्रयास किया, लेकिन जालंधर ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोर 4-1 कर दिया। मध्यांतर हाफ टाइम के बाद कोई और गोल नहीं हो सका और जालंधर ने जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक सौरभ गुप्ता एवं सुनील गुप्ता रहे। दिन का अंतिम मुकाबला सबसे रोमांचक रहा। 14वें मिनट में बिलासपुर के एजाज ने मैदानी गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई.

## राष्ट्रसंत गाडगे बाबा की पुण्यतिथी आज

**पिपरिया** कर्मयोगी राष्ट्रसंत गाडगेबाबा की 69 वीं पुण्यतिथी 20 दिसंबर को कार्यक्रम का आयोजन होगा। रजत धोबी समाज सेवा उत्थान समिति के कैलाश बाथरे ने बताया कि स्वच्छता के जनक महान पुरूष राष्ट्रसंत गाडगेबाबा की पुण्यतिथी कार्यक्रम दीपक कन्नोजिया के निवास पर मनाया जावेगा। इस अवसर पर शनिवार दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम मे सामाजिक बंधु उपस्थित रहेगे।

## संपूर्ण सुकन्या अभियान के तहत बैठक सम्पन्न

**हरदा** - संपूर्ण सुकन्या जिला - हरदा' अभियान के तहत जिला पंचायत कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सुकन्या समृद्धि योजना के उद्देश्य, पात्रता, सामाजिक-आर्थिक महत्व तथा जिले में इसके व्यापक क्रियान्वयन की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के सुरक्षित एवं सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

# ग्रामवासियों ने पुलिस को दिया 2 दिन का अल्टीमेटम

**परिजनों एवं ग्रामवासियों द्वारा हत्यारे की गिरफ्तारी एवं गुमशुदा युवक को तलाशने हेतु दो दिवस का समय दिया है। कार्यवाही नहीं होने पर पुन: बड़े जाम की चेतावनी दी.**



**नवभारत न्यूज**
**माखन नगर, 19 दिसम्बर** ग्राम मनवाड़ा ग्रामवासियों ने तवा पुल पर हाइवे पर चक्काजाम किया। जिसमें दो लापता युवकों करण कीर के हत्यारों को गिरफ्तार एवं लापता शुभम कीर को तलाशने की मांग रखी। परिजनों ने बताया कि दोनों युवकों का परसों रेत कंपनी के कर्मचारियों से विवाद हुआ था जिसको लेकर वो लापता थे गुरुवार की रात करण का शव सोहागपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है वहीं शुभम अभी भी लापता है।

**दो दिन का दिया अल्टीमेटम** - परिजनों एवं ग्रामवासियों द्वारा हत्यारे की गिरफ्तारी एवं गुमशुदा युवक को तलाशने हेतु दो दिवस का समय दिया है। कार्यवाही नहीं होने पर पुन: बड़े जाम की चेतावनी दी है। मौके पर एडिशनल एस पी, एसडीओपी, थाना प्रभारी माखन नगर, सोहागपुर एवं पुलिस बल साथ ही एसडीएम, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चें को किया पुरस्कृत

**सिवनी मालवा 19 दिसम्बर** बानापुरा जीवा ज्योति स्कूल में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं जिसमें ज्ञानबुक, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किये जाने के लिये स्कूल परिसर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला की उपस्थिति में किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थी का अपने परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन से सम्मानित होना अत्यंत प्रशंसनीय है।

# आनंद पलिया की पुनर्नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में विरोध

**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी, 19 दिसम्बर** ब्लॉक कांग्रेस बनखेड़ी में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एक बार फिर आनंद पलिया को सौंपे जाने के बाद संगठन के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया है। कांग्रेस के कई स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस निर्णय से नाराज नजर आ रहे हैं और उन्होंने नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन में लंबे समय से सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर एक ही व्यक्ति को बार-बार अहम जिम्मेदारी देना न केवल अन्य नेताओं के मनोबल को तोड़ता है, बल्कि संगठनात्मक विकास में भी बाधा बनता है। उनका आरोप है कि ब्लॉक स्तर पर नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता थी, लेकिन पार्टी ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया।

नाम न छापने की शर्त पर एक कार्यकर्ता ने कहा, कि जब हर बार एक ही व्यक्ति को अध्यक्ष बनाया जाएगा, तो नए और जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता आगे कैसे बढ़ेंगे ? इस फैसले से संगठन में निराशा फैल रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि आनंद पलिया पूर्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं। ऐसे में जिस विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस लगातार संघर्ष करती रही है, उसी पृष्ठभूमि के व्यक्ति को ब्लॉक स्तर की कमान सौंपना कई कार्यकर्ताओं को स्वीकार्य नहीं है। कार्यकर्ताओं का दावा है कि आनंद पलिया के संघ के वरिष्ठ नेताओं और 'भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोकन्यास' जैसे संगठनों से संबंध रहे हैं तथा वे संघ प्रमुख मोहन भागवत सहित कई शीर्ष पदाधिकारियों के संपर्क में भी रहे हैं। उनका कहना है कि कांग्रेस की नीति और विचारधारा में रचे-बसे पुराने नेताओं की उपेक्षा कर किसी पूर्व संघ कार्यकर्ता को प्राथमिकता देना नुकसानदायक साबित हो सकता है। आगामी चुनावों के बीच उभरा यह असंतोष कांग्रेस के लिए चुनौती बन सकता है। यदि पार्टी नेतृत्व ने जमीनी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को गंभीरता से नहीं लिया, तो इसका असर दिखेगा.

# किसान बंधु पोर्टल पर करें अपना कृषि रकबा अपडेट

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/19,दिसम्बर,2025** नर्मदापुरम जिला अंतर्गत वर्तमान में विपणन संघ के भडारण केन्द्रों से ई-विकास प्रणाली अन्तर्गत ई-टोकन के माध्यम से कृषको द्वारा धारित रकबा अनुसार पर्याप्त मात्रा में सुचारू रूप से खाद का वितरण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विपणन संघ के भंडारण केन्द्रों से कृषक बंधुओ द्वारा ई-टोकन के माध्यम से यूरिया मात्रा 3354 मे.टन, डीएपी. टीएपी एवं एनपीके खाद मात्रा 1193 मे.टन का उठाव किया जा चुका है एवं विपणन संघ के भंडारण केन्द्रो पर यूरिया मात्रा 4386 मे.टन, डीएपी. टी. एस.पी. एवं एनपीके कुल मात्रा 9822 मे.टन उपलब्ध है, जिसका कृषक बंधुओं को निरतर ई-टोकन के माध्यम से नगद में खाद का वितरण किया जा रहा है। कृषक बंधुओ से अपील की गई है कि इस कृषक जिनका रकबा ई-टोकन हेतु पोर्टल पर दर्शित नहीं हो रहा है.

वे संबंधित विभाग / स्वयं Agristack पोर्टल पर अपना रकबा अपडेट करा सकते है। जिससे कि उर्वरक प्राप्त हेतु ई-टोकन जारी करते समय असुविधा न हो। कृषक बंधु विपणन संघ, मार्केटिंग सोसायटी, पैक्स समितियों एवं निजि खाद केन्द्रों से सुगमता से खाद प्राप्त कर सके। इस हेतु शासन द्वारा जिला नर्मदापुरम में ई-टोकन व्यवस्था प्रारंभ की गई। कृषक बंधु स्वयं अपने एन्ड्रोईड (Android) मोबाईल से अथवा Online कियोस्क के माध्यम से ई-टोकन जारी कर भण्डारण केंद्र से सुगमता एवं सरलता से उर्वरक प्राप्त कर सकते है।

# स्वस्थ्य लोग, समृद्ध समाज की ओर एक सशक्त कदम



ट्राईडेंट ग्रुप द्वारा सांदिपनी शासकीय विद्यालय बुधनी में लगा स्वास्थ्य शिविर.

**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 19 दिसम्बर स्वस्थ लोग, समृद्ध समाज की ओर एक सशक्त कदम ट्राईडेंट ग्रुप द्वारा संदिपानी शासकीय विद्यालय, बुधनी में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर आयोजित।**

बुधनी, ट्राईडेंट ग्रुप के चेयरमैन पद्मश्री श्री राजिंदर गुप्ता जी एवं सीएसआर प्रमुख श्रीमती मधु गुप्ता जी के मार्गदर्शन में, सामाजिक दायित्व के अंतर्गत सीएसआर गतिविधियों के तहत श्रीजना मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्वच्छता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

दिनांक 18.12.2025 को यह जागरूकता सत्र संदिपानी शासकीय विद्यालय, बुधनी में आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक की कुल 66 छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित जानकारी साझा की गई। सत्र के दौरान मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस सत्र का संचालन मधुबन हॉस्पिटल की सीनियर नर्स श्रीमती मनीषा शर्मा , ट्राइडेंट ग्रुप की सीएसआर टीम के प्रमुख श्री अरविंद जी के नेतृत्व में सुश्री हर्षिता यादव ने द्वारा किया गया। छात्राओं ने सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्धक बताया।

## स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर कल

**पिपरिया** लायंस क्लब द्वारा चिरायु मेडिकल कालेज के सहयोग से 21 दिसंबर को निःशुल्क मल्टीस्पेशलिस्ट स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर का आयोजन हथवांस में होगा। डॉ.एसएस सोडानी ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा स्व. जगमोहनदास तापडिया, स्व.रूकमणी देवी मूंदडा की स्मृति में लायंस व समाजसेवी मुरली तापडिया द्वारा आयोजित मल्टी स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर के अवसर पर मरीजो की जांच की जावेगी।

## भूमिहीनों को पट्टे सूची में शामिल करने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 19 दिसम्बर** सिवनी मालवा में भूमिहीनों को पट्टे की सूची में शामिल किए जाने हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियान का पुन: सर्वे कराने की मांग को लेकर पार्षद डॉ किरण राठौर ने एसडीएम विजय रॉय को ज्ञापन सोंपा। पार्षद डॉ किरण राठौर ने बताया कि वार्ड नंबर 13 में मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले गरीब निर्धन असहाय नागरिक निवास करते हे। मध्य प्रदेश शासन द्वारा भूमिस्वामी को पट्टे वितरण को चल रहे सर्वे कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा 12 दिसंबर से लेकर 14 दिसंबर तक सर्वे कर सूची अनुविभागीय कार्यालय को दिया जाना था एवं लापरवाही के कारण हमारे वार्ड के सैकड़ों भूमिहीन भूमि स्वामी को छोड़ दिया गया वही संशोधन सूची में उनको अपात्र बताया गया। पार्षद किरण राठौर ने बताया सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को पट्टा एवं आवास का लाभ मिले परन्तु हमारे वार्ड के अधिकतर मजदूरी करने वालां को इस योजना का लाभ नहीं मिला तो वो आवास का लाभ नहीं ले पाएंगे।

## डीपीसी ने छात्रावास का किया निरीक्षण

**पिपरिया** डीपीसी ने छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। डीपीसी राजेश जायसवाल ने पिपरिया क्षेत्र के छात्रावासो में पहुंच निरीक्षण कर उपस्थित अधीक्षक व स्टाफ को आवश्यक निर्देश देते हुए साफ सफाई व गुणवत्ता को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की। डॉ.केजी बीसानी,व्यवसाय विनोद साहू द्वारा गुणवत्तायुक्त पंलग प्रदान करने पर व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बुद्धकुंवर मनोहर बैंकर के द्वारा 25 गद्दे प्रदान करने पर हर्ष व्यक्त की.

## डॉ अरविंद सिंह चौहान स्मृति अलंकरण तथा प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**नवभारत न्यूज**
**सोहागपुर, 19 दिसम्बर** जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय, सोहागपुर द्वारा 20 दिसंबर 2025 को वार्षिकोत्सव एवं डॉ. अरविंद सिंह चौहान स्मृति अलंकरण तथा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षा समिति सचिव हमीर सिंह चंदेल ने बताया की कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में दोपहर 1 बजे से होगा।

समारोह में मुख्य अतिथि सांसद मा. श्री दर्शन सिंह चौधरी होंगे, जबकि अध्यक्षता मा. श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष वेयर हाउसिंग कारपोरेशन करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मा. श्री सुखदेव पांसे , पूर्व विधायक श्रीमती सविता दीवान शर्मा एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लता यशवंत पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस अवसर पर शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान प्रदान किया जाएगा। साथ ही डॉ. अरविंद सिंह चौहान की स्मृति में चयनित व्यक्तित्वों को विशेष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। समिति ने कार्यक्रम में उपस्थित हाने क अपील की है.

**एसआईआर** — मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर को

# अनमेप्ड मतदाताओं को नोटिस प्रदाय किये जाने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज
नर्मदापुरम/19,दिसंबर,2025/ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। शुक्रवार को sir 2026 के तहत की जा रही कार्यवाहियों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने समीक्षा की। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव रंजन पांडे, एनएलएमटी श्री पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री कैलाश दुबे उपस्थित रहे। साथ ही नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करें सभी ईआरओ. बैठक के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए की एस आई आर 2026 के तहत अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएं। जिससे वे निर्धारित समयावधि में ईआरओ कार्यालय पहुंच कर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसके लिए उचित कार्य योजना तैयार कर समयबद्ध तरीके से मतदाताओं को नोटिस प्रदाय कर उनकी तामिली लिए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि अनमैप्ड मतदाताओं को प्रदाय किए जाने वाले नोटिस पर ही दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु दिनांक भी अंकित की जाएगी उक्त दिनांक पर उपस्थित होकर मतदाता अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस दौरान ईआरओ कार्यालय में दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए आने वाले मतदाताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए की नोटिस की तामीली किए जाने से लेकर दावे आपत्ति प्राप्त किए जाने तक की प्रक्रिया के लिए सभी बीएलओ सहित अन्य निर्वाचन अमले को कार्योन्मुख किया जाए।

## एसडीएम सोहागपुर ने किया धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन निरंतर एवं सुचारू रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में जिले में स्थापित 70 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान उपार्जन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा, तौल, भंडारण एवं परिवहन से संबंधित कार्यों को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करते हुए उपार्जन प्रक्रिया को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। उपार्जन व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी, जिला एवं खंड स्तरीय उपार्जन समिति के अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का भ्रमण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा समिति प्रबंधकों को निर्देश दिए गए कि किसानों की स्लॉट बुकिंग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में धान की तुलाई सुनिश्चित की जाए।